# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## नवम्बर-दिसम्बर, 2006 सत्र

**मंगलवार, दिनांक 21 नवम्बर, 2006**

## तारांकित प्रश्नोत्तर

कसडोल तथा बिलाईगढ़ क्षेत्रांतर्गत बोरिंग खनन के पश्चात् प्लेटफार्म का निर्माण

1. (*क्र. 56) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय, यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अप्रैल 2004 से अप्रैल 2006 तक विकासखण्ड कसडोल तथा विकासखण्ड बिलाईगढ़, जिला रायपुर में कितनी बोरिंग खनन की गई तथा किन-किन ग्रामों में बोरिंग खनन के पश्चात् किन-किन स्थानों पर प्लेटफार्म का निर्माण किया गया और कितने पर नहीं ? (ख) किन-किन ग्रामों के प्लेटफार्म की राशि का भुगतान किया गया (सूची सहित) तथा कितने का भुगतान नहीं किया गया ? (ग) वर्ष 2006-2007 के बजट में उक्त विकासखण्डों के लिए कितनी राशि बोरिंग खनन हेतु स्वीकृत की गई है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) प्रश्नांकित अवधि में 524 बोरिंग (नलकूप) खनित. पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार. (ख) पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार. (ग) वर्ष 2006-2007 के बजट में विकास खण्डवार बोरिंग खनन हेतु राशि प्रावधानित नहीं की गई है.

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में नल जल योजना अन्तर्गत उच्चदाब पानी टंकी का प्रस्ताव

2. (*क्र. 123) **महंत रामसुंदर दास :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के कौन-कौन से ग्राम नलजल योजना के अन्तर्गत उच्चदाब पानी टंकी की सुविधा प्राप्त करने हेतु चिन्हित किये गये हैं ? किन-किन ग्रामों में इस सुविधा के तहत काम प्रारंभ हो चुका है ? (ख) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के कौन-कौन से ग्राम जनसंख्या की दृष्टि से नलजल योजना अन्तर्गत उच्चदाब पानी टंकी की पात्रता रखते हैं ? उक्त सभी ग्रामों में नलजल योजना की सुविधा कब तक प्रदान कर दी जायेगी ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) ग्राम ससहा, भैसो एवं भिलौनी की नलजल प्रदाय योजनायें स्वीकृत की गई है, जिनमें टंकी निर्माण कार्य भी प्रस्तावित है. योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ठेकेदारों को कार्यादेश जारी कर दिये गये हैं. (ख) नलजल योजना में टंकी निर्माण हेतु जनसंख्या का मापदण्ड नहीं है, अपितु तकनीकी एवं भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रख उपलब्ध वित्तीय संसाधनों के आधार पर नलजल प्रदाय योजनाओं में टंकी का निर्माण प्रस्तावित किया जाता है. निश्चित समयावधि बताना संभव नहीं है.

बस्तर अंचल की गुफाओं का संरक्षण एवं प्रबंधन के संबंध में

3. (*क्र. 143) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोटमसर गुफा, कैलाश गुफा सहित बस्तर अंचल में और कितनी गुफाएं पर्यटन के लिए उपलब्ध हैं ? नाम एवं क्षेत्र सहित ब्यौरा दें. (ख) इन गुफाओं का संरक्षण एवं प्रबंधन किन अधिकारियों के जिम्मे है ? 01 जनवरी, 2004 के बाद इन गुफाओं में कौन-कौन से कार्य करवाये गए हैं ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) बस्तर अंचल में कोटमसर गुफा तथा कैलाश गुफा के अतिरिक्त दण्डक गुफा पर्यटन के लिए उपलब्ध है. कोटमसर गुफा कोटमसर बैरियर से 10 कि. मी., कैलाश गुफा कोलेंग पार्क परिक्षेत्र में नेतानार से 06 कि. मी. तथा दण्डक गुफा कोटमसर बैरियर से 07 कि. मी. की दूरी पर स्थित है. (ख) कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की गुफाओं का संरक्षण एवं प्रबंधन वन विभाग के पार्क परिक्षेत्र अधिकारी के जिम्मे है. 01 जनवरी, 2004 के पश्चात् माह फरवरी, 2004 में केवल दण्डक गुफा में सीढ़ी निर्माण का कार्य कराया गया है जिस पर रु. 71,212.00 का व्यय हुआ है. शेष दोनों गुफाओं कोटमसर तथा कैलाश गुफा में कोई भी कार्य नहीं कराया गया है.

## तहसील देवभोग में आदिवासी एवं कोटवारों की भूमि का विक्रय

4. ( *क्र. 119 ) **मोहम्मद अकबर :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2005 एवं 2006 में तहसील देवभोग जिला रायपुर में कहां-कहां के किन-किन आदिवासी एवं कोटवार की भूमि का विक्रय किस-किस गैर आदिवासी को, किसकी-किसकी अनुमति या बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति से, कितने कितने में, कितनी-कितनी भूमि का, कब-कब राजस्व अभिलेखों के अनुसार हुआ है ?

**राजस्व मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल ) **:** प्रश्नाधीन अवधि में देवभोग तहसील में आदिवासियों की भूमि के विक्रय संबंधी जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. तहसील देवभोग में वर्ष 2005 एवं 2006 में कोटवार की सेवाभूमि का विक्रय नहीं किया गया है.

## जिला राजनांदगांव के अंतर्गत खैरागढ़ सामान्य वनमण्डल में बांस की कटाई

5. ( *क्र. 15 ) **श्री देवव्रत सिंह :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) खैरागढ़ सामान्य वनमण्डल में वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 ( नवंबर 2006 तक ) में कुल कितने नग बांस कटाई की गई ? उक्त अवधि में नक्सलियों द्वारा कहां-कहां बांस कूप में आग लगाकर नुकसान पहुंचाने की शिकायतें राज्य शासन को प्राप्त हुई हैं ? कृपया बांस कूप के नाम, वन परिक्षेत्रवार बताएं तथा क्या वन विभाग द्वारा उक्त सम्बन्ध में पुलिस में कोई रिपोर्ट लिखाई गई है? ( ख ) खैरागढ़ सामान्य वनमण्डल में वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 ( नवंबर 2006 तक ) में बांस कूप में बांस कटाई से पहले कच्चे मार्ग निर्माण, कूप सफाई, बांस पिट्टा की सफाई, बांस के चट्टा बनाने तथा परिवहन एवं ढुलाई में तथा अन्य सामग्री क्रय करने इत्यादि में कुल कितना व्यय हुआ तथा कुल कितनी राशि का भुगतान किया गया ? कृपया मदवार, वन परिक्षेत्रवार जानकारी उपलब्ध करावें ?

**राजस्व मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : ( क ) खैरागढ़ सामान्य वनमण्डल में वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 ( नवंबर 06 तक ) में कुल 4434.341 विक्रय इकाई बांस के पातन की कार्यवाही की गई. इस अवधि में खैरागढ़ वनमण्डल के छुईखदान परिक्षेत्र के तीन कूपों में नक्सलियों द्वारा आग लगाकर नुकसान पहुंचाया गया. जिसका विवरण †† संलग्न प्रपत्र ''अ'' में दर्शाया गया है. ( ख ) खैरागढ़ सामान्य वनमण्डल अंतर्गत में वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 ( नवंबर 06 तक ) बजट मद 204-बांस का राजकीय व्यापार अंतर्गत कुल 2,00,29,914/- का व्यय एवं भुगतान किया गया. जिसका मदवार, वर्षवार एवं परिक्षेत्रवार विवरण †† संलग्न प्रपत्र ''ब'' में दर्शाया गया है.

## पाटन ब्लाक में आदिमजाति, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के द्वारा स्वीकृत विकास कार्य

6. ( *क्र. 129 ) **श्री भूपेश बघेल :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) दिनांक 1-4-2001 से 31-10-06 तक जिला दुर्ग के पाटन विकासखंड में आदिमजाति, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के द्वारा कितने विकास कार्य स्वीकृत किये गये हैं ? योजना का नाम गांव एवं पंचायत का नाम कृपया बताएं ? ( ख ) क्या उक्त विकासखण्ड में अनुसूचित जाति के लिये स्वीकृत सामुदायिक/मंगल भवन को चयनित स्थान या अनुसूचित वर्ग के मोहल्ले से अन्यत्र बनाया गया है ? यदि हां, तो कहां पर ? क्या इसकी शिकायत की गई है ? यदि हां, तो शासन ने इस पर क्या कार्यवाही की है ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** ( श्री गणेशराम भगत ) : ( क ) आदिमजाति विकास प्राधिकरण द्वारा कोई विकास कार्य स्वीकृत नहीं किया गया है. अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत विकास कार्यों की जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट पर है. ( ख ) सामुदायिक/मंगल भवन अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों को विश्वास में लेकर चयनित स्थान पर बनाया गया है. स्थल चयन के बारे में ग्राम सुराज अभियान के दौरान ग्राम बटरेल में शासकीय पाठशाला एवं सरस्वती शिशु मंदिर के मैदान पर निर्मित सामुदायिक भवन के स्थल बाबत् शिकायत प्राप्त हुई थी जब तक निर्माण कार्य पूर्ण हो गया था. अतः निर्माण कार्य की पूर्णता पश्चात् किये गये शिकायत का कोई ठोस आधार नहीं है. इसलिए शिकायत के संबंध में अन्य कोई कार्यवाही करने का कोई औचित्य नहीं है.

## जिला रायपुर के पलारी व बलौदाबाजार के बाढ़ प्रभावितों को मुआवजा

7. ( *क्र. 177 ) **डॉ. शिव कुमार डहरिया :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) पलारी एवं बलौदाबाजार तहसील जिला रायपुर में वर्ष 2006 की बाढ़ में बाढ़ प्रभावित ग्रामों में कितने व्यक्तियों को कितना मुआवजा दिया गया, ग्रामवार प्रभावित व्यक्तियों की संख्या एवं भुगतान की गई राशि का विवरण दें ? ( ख ) कितने व्यक्तियों के मुआवजा प्रकरण लंबित है ? ग्रामवार व्यक्तियों के नाम सहित जानकारी दें तथा कब तक इन्हें मुआवजा स्वीकृत कर भुगतान करायेंगे ?

---

† परिशिष्ट ''एक''        †† परिशिष्ट ''दो''        ‡ परिशिष्ट ''तीन''

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''अ'' अनुसार है. (ख) पलारी तहसील के 11 व्यक्तियों के प्रकरण लंबित हैं. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''ब'' अनुसार है. शीघ्र ही निराकरण कर दिया जावेगा.

नल जल योजना हेतु चिन्हांकित ग्रामों की जानकारी

8. ( *क्र. 90) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा, तखतपुर एवं पथरिया के अंतर्गत किन-किन ग्रामों में शुद्ध पेयजल की कमी है ? (ख) किन-किन ग्रामों को नल जल योजना, स्थल जल योजना हेतु चिन्हांकित किया गया है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) किसी भी ग्राम में शुद्ध पेयजल की कमी नहीं है. (ख) नल जल योजना, स्थल जल योजना हेतु चिन्हांकित ग्रामों की जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्रमांक | विकास खण्ड | नल जल योजना हेतु चिन्हांकित ग्रामों की संख्या | स्थल जल योजना हेतु चिन्हांकित ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | बिल्हा | 08 | 11 |
| 2. | तखतपुर | 03 | 05 |
| 3. | पथरिया | 01 | 11 |
| | **योग** | 12 | 27 |

ग्रामवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

खेल सामग्री की खरीदी हेतु आमंत्रित निविदायें

9. ( *क्र. 151) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 1 जनवरी, 2005 से 31 अक्टूबर, 2006 तक आदिमजाति कल्याण विभाग/संचालनालय ने खेल सामग्री की खरीदी के लिए कब-कब निविदाएं बुलवायी ? आमंत्रित निविदाएं क्या रद्द भी की गई ? अगर हां, तो क्यों ? (ख) क्या सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायपुर के द्वारा भी 28 जनवरी, 2006 को अथवा अन्य दिनों को निविदा खोलकर रद्द किया गया ? अगर हां, तो क्यों ? रद्द निविदाएं किन्हें और किस आधार पर दी गई ? (ग) क्या कंडिका ''ख'' की निविदाओं को रद्द करने और इसे पुनः आमंत्रित कर नियमों से हटकर आवंटित किये जाने की शिकायतें/जानकारी मिली है ? अगर हां, तो इसमें दोषी अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) आदिमजाति कल्याण विभाग/संचालनालय द्वारा खेल सामग्री की खरीदी के लिये निविदा नहीं बुलाई गई, अतएव प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ख) जी हां, निविदाओं को दिनांक 28 जनवरी 2006 को खोला जाकर परीक्षण उपरांत रद्द किया गया. उक्त निविदा रद्द होने के फलस्वरूप रद्द किये गये निविदा के आधार पर किसी फर्म को क्रय आदेश दिये जाने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता. (ग) जी हां, शिकायत की जांच कराई गई. जांच में कोई तथ्य नहीं पाया गया अतः कार्यवाही करने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

जांजगीर-चांपा जिले में किसानों की अधिगृहीत भूमि का मुआवजा

10. ( *क्र. 3) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर-चांपा जिले में हंसदेव बांगो योजना अन्तर्गत विकासखण्ड डभरा एवं मालखरौदा में कितने कृषकों की जमीनों का अधिग्रहण कर नहर निर्माण किया गया है ? उसमें से कितने कृषकों की जमीन के मुआवजा का वितरण नहीं हो पाया है ? (ख) कंडिका ''क'' के कृषक का नाम/ग्रामनाम/रकबा क्या-क्या है ?

† परिशिष्ट ''चार''

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) 13,453 कृषकों के जमीनों का अधिग्रहण कर नहर निर्माण किया गया है, उनमें से 1,049 कृषकों के जमीनों के मुआवजा का वितरण नहीं हो पाया है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''अ'' अनुसार है.

चांपा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृत नल जल योजना का विवरण

11. ( *क्र. 142) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि अतारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 267) दिनांक 16 दिसम्बर 2005 के उत्तर में यह जानकारी दी गई थी कि चांपा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत 08 ग्रामों की नल जल योजना बनाई जा चुकी है ? यदि हां, तो उक्त नल जल योजनाओं की स्वीकृति के संबंध में क्या कार्यवाही की गई तथा वर्तमान में किस स्तर पर किस कारण से लंबित है ? (ख) क्या यह भी सही है कि उक्त प्रश्न उत्तर में यह भी जानकारी दी गई थी कि तेरह ग्रामों में नलकूप में पर्याप्त जल प्राप्त होने उपरांत विस्तृत सर्वेक्षण कर योजना बनाया जाना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो किन-किन ग्रामों की योजना बनायी गई है तथा वर्तमान में उनकी क्या स्थिति है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) जी हां. ग्राम पेण्ड्री एवं पुटपुरा की नलजल प्रदाय योजना की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है. शेष 06 ग्रामों (सोंठी, हथनेवरा, बनारी, सरखों, पिसौद एवं सिबनी) की नलजल प्रदाय योजनाओं का तकनीकी एवं आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं में संशोधन कर योजनायें पुन: प्रस्तुत करने हेतु कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिये गये हैं. तत्पश्चात् नियमानुसार स्वीकृति की कार्यवाही उपलब्ध संसाधानों को दृष्टिगत रख की जावेगी . (ख) जी हां. ग्राम खोंखरा की नलजल प्रदाय योजना बनाई जा चुकी है, जिसका परीक्षण प्रमुख अभियंता द्वारा किया जा रहा है. शेष 12 ग्रामों में निर्धारित मापदण्डों के अनुसार उपयुक्त जल क्षमता वाले नलकूपों का निर्माण कर उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए योजना बनाने की कार्यवाही की जावेगी.

राज्य में तेन्दूपत्ता से प्राप्त आय

12. ( *क्र. 41) **श्री उदय मुदलियार :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य में तेंदूपत्ता से प्राप्त होने वाली आय की कितनी प्रतिशत राशि का वितरण तेंदूपत्ता प्रोत्साहन परिश्रम के रूप में (लाभांश) किया जाता है ? वर्ष 2004-05, 2005-06 एवम् 2006-07 में कुल प्राप्त आय कितनी है ? मंडलवार जानकारी देवें ? (ख) वर्ष 2004-05, 2005-06 एवम् 2006-07 में किन-किन वनमंडलों में कुल कितनी-कितनी राशि लाभांश के रूप में वितरित की गई, एवम् बचत राशि कब तक वितरित की जावेगी ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) राज्य में तेन्दूपत्ता के व्यापार से प्राप्त होने वाले शुद्ध लाभ की 70 प्रतिशत राशि का वितरण तेन्दूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में किया जाता है. वित्तीय वर्ष 2004-05, 2005-06 एवं 2006-07 (दिनांक 01-04-2006 से 31-10-2006 तक) में कुल प्राप्त आय क्रमश: रुपये 14,405.61 लाख, रुपये 15,274.60 लाख एवं रुपये 9,826.23 लाख है. वन मंडलवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''अ'' में है. (ख) वित्तीय वर्ष 2004-05, 2005-06 एवं 2006-07 (दिनांक 01-04-2006 से 31-10-2006 तक) में प्रोत्साहन पारिश्रमिक की वितरित की गई राशि को वनमण्डलवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''ब'' में है. शेष राशि शीघ्र वितरित कर दी जावेगी.

भिलाई इस्पात संयंत्र, पुरैना में स्थापित पावर प्लांट द्वारा प्रस्तावित राखड़ बांध का स्थान परिवर्तन

13. ( *क्र. 171) **श्री महेन्द्र कर्मा** (डॉ. चेतन वर्मा) : क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा भिलाई -3, पुरैना में स्थापित पावर प्लांट द्वारा प्रस्तावित राखड़ बांध का स्थान परिवर्तन किया गया है ? यदि हां, तो क्यों ? (ख) क्या उक्त प्लांट द्वारा स्थापित राखड़ बांध पर्यावरण के मापदण्डों के अनुरूप है ? (ग) भिलाई में औसतन वायु का बहाव किस दिशा में रहता है एवं वर्तमान में भिलाई में वायु प्रदूषण का स्तर क्या है ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई द्वारा राखड़ बांध का स्थान परिवर्तन नहीं किया गया है, तथापि मेसर्स एन. टी. पी. सी. सेल पावर कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित पावर प्लांट के लिए पूर्व में प्रस्तावित राखड़ बांध स्थल का स्थान परिवर्तन किया गया है. पूर्व प्रस्तावित राखड़ बांध क्षेत्र सघन वृक्षों से आच्छादित होने के कारण. (ख) जी हां. (ग) मानसून में वायु का बहाव सामान्यत: दक्षिण-पश्चिम दिशा में तथा मानसून उपरान्त उत्तर-उत्तर पूर्व दिशा में पाया जाता है. भिलाई क्षेत्र में परिवेशीय वायु का स्तर सामान्यत: मानकों के आस-पास पाई गयी है.

---

† परिशिष्ट ''पांच''

## जशपुर जिले के ग्रामों में पेयजल व्यवस्था के संबंध में

14. ( *क्र. 185) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जशपुर जिले के मनोरा, बगीचा, कुनकुरी तहसील के कितने ग्रामों के हेण्डपंपों में अक्टूबर 2006 की स्थिति में लौह मिश्रित लाल पानी निकल रहा है ? विकास खण्डवार जानकारी देवें ? (ख) उक्त ग्रामों में स्वच्छ पेयजल के लिये क्या व्यवस्था की गई है ? (ग) क्या ट्यूबवेल के माध्यम से स्वच्छ पानी मुहैया कराया जाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | विकास खण्ड | ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | जशपुर | 75 |
| 2. | मनोरा | 65 |
| 3. | कुनकुरी | 15 |
| 4. | बगीचा | 76 |
| | **योग** | **231** |

(ख) उक्त ग्रामों में वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था विद्यमान है. (ग) जी नहीं. प्रश्न ही नहीं उठता.

## प्रदेश की सड़कों में लगाये गये पर्यटन विभाग के बोर्ड पर व्यय राशि

15. ( *क्र. 133) **श्री धनेन्द्र साहू :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में कितनी-कितनी संख्या में पर्यटन विभाग के बोर्ड लगाए गए हैं ? प्रत्येक बोर्ड की लागत सहित कुल खर्च की गई राशि की जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांश (क) में उल्लेखित बोर्ड की आपूर्ति एवं लगाने के कार्य का ठेका किस-किस ठेकेदार को कितनी-कितनी राशि का दिया गया ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) वर्ष 2005-06 में कुल 46 एवं वर्ष 2006-07 में कुल 78 होर्डिंग बोर्ड लगाये गये हैं. प्रत्येक होर्डिंग बोर्ड की लागत सहित अभी तक कुल राशि रु. 68,41,558.00 व्यय की गई है. (ख) प्रश्नांश (क) में उल्लेखित होर्डिंग बोर्ड की आपूर्ति एवं लगाने का ठेका तथा व्यय की जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | एजेंसी का नाम | होर्डिंग बोर्ड की संख्या | वर्ष | प्रतिमाह होर्डिंग की लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | देशकर एडव्हरटाईजिंग, रायपुर | 34 | 2005-06 | 3,60,290.00 |
| 2. | ए. एस. एडव्हरटाईजिंग, रायपुर | 12 | 2005-06 | 3,49,066.00 |
| 3. | शुभम् एडव्हरटाईजिंग, रायपुर | 05 | 2006-07 | 2,27,847.00 |
| 4. | ए. एस. एडव्हरटाईजिंग, रायपुर | 73 | 2006-07 | 12,50,634.00 |
| | **कुल** | **124** | | **21,87,837.00** |

## रायपुर जिले के इस्पात संयंत्रों को एक्सपांशन की अनुमति

16. ( *क्र. 144) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 01 जनवरी, 2005 से 31 अक्टूबर, 2006 तक सिलतरा एवं उरला क्षेत्र जिला-रायपुर के कितने इस्पात संयंत्रों को पर्यावरण विभाग ने एक्सपांशन की अनुमति दी है ? नाम एवं क्षेत्र सहित ब्यौरा दें ? (ख) एक्सपांशन के पूर्व कौन-कौन से मानकों को जांचा और परखा जाता है ? क्या उपरोक्त प्रकरणों में इसका पालन किया गया ? (ग) कंडिका "क" के जिन उद्योगों को एक्सपांशन दिया गया क्या ये उद्योग ई. एस. पी. लगाने, स्लैग को निर्धारित स्थान पर फेंकने सहित पर्यावरणीय नियमों का पालन कर रहे हैं ? अगर हां, तो इसकी जांच एक्सपांशन के पूर्व किन अधिकारी ने कब-कब की ? नाम सहित ब्यौरा दें ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''एक'' अनुसार. (ख) क्षमता विस्तार हेतु अनुमति देने के पूर्व उद्योग द्वारा प्रदूषण नियंत्रण हेतु दिये गये प्रस्तावों का छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा गुणदोष के आधार पर परीक्षण किया जाता है. जी हां. (ग) जी हां. क्षमता विस्तार हेतु अनुमति देने के पूर्व किये गये निरीक्षण का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''दो'' अनुसार है.

रायपुर जिले की मस्जिदों में कार्यरत मुतवल्ली

17. ( *क्र. 120) **मोहम्मद अकबर :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या अतारांकित प्रश्न क्रमांक 351 दिनांक 25-07-2006 के उत्तर के परिशिष्ट-''अ'' अनुसार रायपुर जिले में कुल 37 मस्जिद हैं जिसमें से 35 स्थानों पर कार्यरत मुतवल्ली जमातियों द्वारा नियुक्त है ? यदि हां, तो किनको-किनको, कब-कब तक के लिए नियुक्त किया गया था ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : जी हां. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

रायपुर जिले के देवभोग क्षेत्र में स्थित शासकीय भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में

18. ( *क्र. 130) **श्री भूपेश बघेल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के मैनपुर देवभोग क्षेत्र में वर्ष 2004 से 31-10-2006 तक किन-किन गांव की कोटवारी सेवा भूमि एवं चारागाह भूमि क्रय विक्रय कर दी गई है ? क्रेता/विक्रेता के नाम बतावें ? (ख) क्या देवभोग के तत्कालीन तहसीलदार ओ. पी. सिंह को निलंबित किया गया है ? यदि हां, तो उसके कारण बतावें ?

**राजस्व मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में किसी भी गांव में कोटवारी सेवा भूमि एवं चारागाह की भूमि का क्रय विक्रय नहीं किया गया है. (ख) जी हां, तहसील देवभोग के बहुमूल्य खनिज क्षेत्रों के निरीक्षण एवं निगरानी के उत्तरदायित्व निर्वहन में संदिग्ध आचरण के कारण.

जिला रायपुर के पलारी वि. स. क्षेत्र में संचालित नलजल योजना

19. ( *क्र. 179) **डॉ. शिवकुमार डहरिया :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पलारी वि. स. क्षेत्र जि. रायपुर के बलौदा बाजार एवं पलारी विकासखण्ड के किन-किन ग्रामों में नल जल योजना कब से संचालित है ? (ख) पलारी वि. खं. के स्त्रोत विहीन ग्राम लरिया एवं बलौदाबाजार वि. खं. के लाहोद ग्राम में पेयजल आपूर्ति हेतु विभाग क्या कार्यवाही कर रहा है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप) : (क) विकासखण्ड बलौदाबाजार के ग्राम कोहरौद की योजना वर्ष 1997-98 एवं विकासखण्ड पलारी के ग्राम रोहासी की योजना वर्ष 2003 से संचालित है. (ख) ग्राम लरिया विकासखण्ड पलारी स्त्रोत विहीन नहीं है, ग्राम में 09 हैण्डपम्प के माध्यम से जल प्रदाय हो रहा है. ग्राम लाहोद विकासखण्ड बलौदाबाजार स्त्रोत विहीन नहीं है. ग्राम में स्थापित 14 हैण्डपम्प के माध्यम से जल प्रदाय किया जा रहा है.

महासमुन्द जिले में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से क्षति पर मुआवजा

20. ( *क्र. 152) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2003 से वर्ष 2006 तक महासमुन्द जिले में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से कितनी-कितनी राशि के कार्य कराये गये ? वर्षवार एवं तहसीलवार जानकारी दें ? (ख) क्या कंडिका ''क'' के कार्यों हेतु वन विभाग को भी राशि आवंटित की गई ? अगर हां, तो कितनी ? तहसीलवार राशि का ब्यौरा दें ? (ग) कंडिका ''ख'' की आवंटित राशि में अनियमितताएं बरती जाने की शिकायतों पर अभी तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? यदि हां, तो क्या ?

**राजस्व मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : (क) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र-''अ'' अनुसार है. (ख) जी हां. जानकारी †† संलग्न प्रपत्र ''ब'' अनुसार है. (ग) विभाग को कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है अत: कार्यवाही करने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है.

---

† परिशिष्ट ''छ:''

†† परिशिष्ट ''सात''

विकासखण्ड डभरा अंतर्गत कृषकों की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा

21. ( *क्र. 4) **श्री नोवेल कुमार वर्मा** : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड डभरा के घटोई जलाशय कासा एवं भाण्ड डायवर्सन योजना के अंतर्गत कृषकों की जमीन का अधिग्रहण किया जाकर नहर/तालाब बना लिया गया है ? (ख) यदि हां, तो क्या कृषकों को जमीन का मुआवजा प्रदान कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो कितने कृषकों का मुआवजा भुगतान हेतु शेष है ?

**राजस्व मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : (क) जी हां. (ख) कांसा सिंचाई योजना के अंतर्गत कांसा के 370 कृषकों में से 176 को मुआवजा भुगतान कर दिया गया है तथा 194 कृषकों का मुआवजा भुगतान शेष है. भाण्ड डायवर्सन योजना अंतर्गत 2,008 कृषकों में से 345 को मुआवजा भुगतान कर दिया गया है तथा 1663 कृषकों का मुआवजा भुगतान शेष है.

प्रदेश में पर्यटन विकास हेतु संचालित योजनाएं

22. ( *क्र. 172) **श्री महेन्द्र कर्मा** : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ राज्य में पर्यटन के विकास के लिए कौन-कौन सी योजनायें संचालित हैं ? योजना का नाम, प्रस्तावित लागत एवं जिले के नाम बतावें ? (ख) वर्ष 2003-04, 2004-05 एवं 2005-06 में पर्यटन से छत्तीसगढ़ को कुल कितने राजस्व की प्राप्ति हुई है ? (ग) क्या राज्य में पर्यटन के विकास के लिए विभागीय अध्ययन दल विदेश दौरे पर गया था ? यदि हां, तो सदस्यों के नाम, पदनाम, तिथि, स्थान व कुल व्यय की जानकारी दें.

**राजस्व मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य में पर्यटन के विकास के लिए संचालित केन्द्रीय एवं राज्य योजनाओं का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-एक में है. (ख) वर्ष 2003-04, 2004-05 एवं 2005-06 में पर्यटन विभाग को पर्यटन से राजस्व की प्राप्ति निरंक है. (ग) राज्य में पर्यटन के विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले पर्यटन मेले में प्रतिभागिता हेतु दल विदेश दौरे पर गया, जिसका विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-2 में है.

रायपुर जिले में संचालित आश्रम/छात्रावास के संबंध में

23. ( *क्र. 186) **डॉ. हरिदास भारद्वाज** : क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले में कहां-कहां कन्या आश्रम एवं बालक छात्रावास संचालित हैं ? (ख) आश्रम/छात्रावासों में क्या-क्या सुविधायें प्रदान की जाती हैं ? (ग) क्या वर्ष 2005-06 में आश्रम एवं छात्रावास में निवासरत छात्र/छात्राओं को कम्बल प्रदान किया गया ? यदि हां, तो मात्रा/संख्या बतायें यदि नहीं, तो कारण बतायें ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** ( श्री गणेशराम भगत ) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''अ'' पर है. (ख) विभागीय आश्रम/छात्रावास में नि:शुल्क आवासीय सुविधा दी जाती है. इसके अतिरिक्त आश्रम/छात्रावासों में बालकों को शिष्यवृत्ति राशि रु. 350/- एवं बालिकाओं को रु. 360/- प्रतिमाह दी जाती है तथा पो. मै. छात्रावासियों को नि:शुल्क पलंग के अतिरिक्त छात्रावासी दर से छात्रवृत्ति एवं आगमन भत्ता अंतर्गत प्रथम वर्ष में रु. 800/- द्वितीय वर्ष रु. 250/- एवं तृतीय वर्ष रु. 200/- छात्र-छात्राओं को दिया जाता है. पो. मै. छात्रावासी छात्र-छात्राओं को छात्र भोजन सहाय योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2005-06 से पौष्टिक आहार हेतु रु. 200/- प्रतिमाह प्रति छात्र-छात्रा दिया जाता है. (ग) जी हां, 350 नग कंबल प्रदाय किया गया है.

जिला रायपुर के ग्राम सुन्दर केरा में पौध रोपण पर व्यय राशि

24. ( *क्र. 134) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के ग्राम सुंदर केरा में वर्ष 2005 में कितने एकड़ क्षेत्र में एवं कितनी-कितनी संख्या में, किस प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया तथा किस-किस मद में कितनी-कितनी राशि 31-10-2006 तक खर्च की गयी है ? (ख) क्या यह सही है कि प्रश्नांश (क) में उल्लेखित पौध रोपण क्षेत्र असिंचित क्षेत्र है ? यदि हां, तो माह अक्टूबर-2006 में सिंचाई एवं खाद के उपयोग में कितनी राशि खर्च की गयी ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : (क) रायपुर जिले के ग्राम सुन्दर केरा में वर्ष 2005 में 100 एकड़ (40 हे.) क्षेत्र में रतनजोत-93600, आंवला-61000, बेल-1200, हर्रा-300, बहेड़ा-400, बांस-1200, सागौन-700, करंज-500, अर्जुन-300, सीताफल-200, खम्हार-500 कुल 1,05,000 पौधों का रोपण किया गया है. उक्त रोपण हेतु मांग संख्या 10-2406 वन आयोजना (6699) वन विकास उपकर निधि मद से वर्ष 2005-06 में राशि रुपये 11.65 लाख एवं वर्ष 2006-07 में माह अक्टूबर तक राशि रुपये 1.42 लाख, कुल रुपये 13.07 लाख का व्यय भारित किया गया है. (ख) प्रश्नांश (क) में दर्शाए अनुसार सुन्दर केरा रोपण क्षेत्र में प्रथम वर्ष में सिंचाई का प्रावधान नहीं था. द्वितीय वर्ष में प्रोजेक्ट में सिंचाई का प्रावधान किया गया है. माह अक्टूबर 2006 में सिंचाई एवं खाद के उपयोग में कुल राशि रुपये 20,551/- व्यय की गई है.

------------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्र. 119) की जानकारी ]

| क्रमांक | विक्रेता का नाम | ग्राम का नाम | क्रेता का नाम | ग्राम का नाम | ख. नं. रकबा | विक्रय कीमत | विक्रय दिनांक | सक्षम अधिकारी की अनुमति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुफेद सिंह पिता रबीराम गोड़ | झाखरपारा | जयकिशन पिता रामकुमार अग्रवाल | देवभोग | 21/2 1-00 हे. | 100000/- | 9-3-06 | कलेक्टर |
| 2. | धिरपाल पिता बाबूलाल गोड़ | मुड़ागांव | कुवरसिह पिता सोबन कुम्हार | मुड़ागांव | 471/2 0-70 हे. | 90000/- | 19-9-06 | कलेक्टर |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्र. 51) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

### नक्सलवादियों द्वारा आगजनी का परिक्षेत्रवार, वर्षवार, कूपवार विवरण

| वर्ष | परिक्षेत्र एवं कूप का नाम | जलाई गई बांस | | पुलिस रिपोर्ट क्रमांक/दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| | | व्या. (वि. ई. में) | औ. (वि. ई. में) | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 05-06 | छुईखदान परिक्षेत्र बी-केकराझोला कूप | 1155 | 80.556 | थाना प्रभारी बकरकट्टा एफआईआर 23/28-8-06. |
| | सी-तेन्दूभाठा | 3180 | 32.702 | 21/17-5-06 |
| | सी-केकराझोला | 3100 | 32.932 | 22/17-5-06 |
| 06-07 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

प्रपत्र "ब"

**204 बांस का राजकीय व्यापार (2901) बांस मद में खैरागढ़ वनमंडल अंतर्गत परिक्षेत्रवार उप मदवार व्यय का विवरण**

| क्र. | परिक्षेत्र | 02-मजदूरी, 004- अन्य आकस्मिक मजदूरी | | 04-कार्यालय व्यय 008- अन्य आकस्मिक व्यय | | 24- अनुरक्षण | | 27-लघु निर्माण 008- अन्य लघु निर्माण | | 89- परिवहन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| 1. | डोंगरगढ़ | 327065 | 232853 | 144445 | 293580 | 1416570 | 534368 | 484055 | 548759 | 93870 | 12965 |
| 2. | उत्तर बोरतलाब | 81300 | 309315 | 164529 | 594096 | | | 1710326 | 762721 | 52200 | 5492 |
| 3. | दक्षिण बोरतलाब | 4559 | | 22958 | 9800 | 25292 | | 1923 | | 37258 | 911 |
| 4. | अछोली डिपो | | | 195614 | 59374 | 961644 | 101732 | | | | |
| 5. | खैरागढ़ | 671049 | 20568 | 457810 | 321577 | 1025076 | 611139 | 1516938 | 787529 | 149631 | 56673 |
| 6. | छुईखदान | 232563 | | 148178 | 69000 | 19881 | | 472823 | 84657 | 7762 | 10528 |
| 7. | गण्डई | | | | 1600 | 152573 | | | | 9166 | 35527 |
| 8. | साल्हेबारा | 107452 | 7076 | 37222 | 52382 | 118118 | 10895 | 57417 | 16539 | 14783 | 18703 |
| 9. | व. म. अ. | | | 624591 | | 214418 | 15188 | | | 2578799 | 5019 |
| 10. | मु. लि. | | | 78770 | 5800 | 15120 | | | | | |
| | **योग** | **1423988** | **569812** | **1874117** | **1407209** | **3948692** | **1273322** | **4243482** | **2200205** | **2948469** | **145818** |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्र. 129) के भाग (क) की जानकारी ]

**अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण योजनान्तर्गत विकास खण्ड पाटन में स्वीकृत विकास कार्यों की जानकारी**

| क्रमांक (1) | स्वीकृत वर्ष (2) | कार्य का नाम (3) | ग्राम का नाम (4) | पंचायत का नाम (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2004-05 | मंगल भवन एवं चबूतरा निर्माण | सांकरा | सांकरा |
| 2. | --,,-- | नलकूप निर्माण | सांकरा | सांकरा |
| 3. | --,,-- | मंगल भवन निर्माण | गाडाडीह | गाडाडीह |
| 4. | 2005-06 | सामुदायिक भवन निर्माण | खोला | घमना |
| 5. | --,,-- | गली कांक्रीटीकरण | नवागांव | नवागांव |
| 6. | --,,-- | गली क्रांक्रीटीकरण | औसर | औसर |
| 7. | --,,-- | गली क्रांक्रीटीकरण | कसही | सेगरी |
| 8. | --,,-- | स्ट्रीट लाईट | कापसी | उफरा |
| 9. | --,,-- | स्ट्रीट लाईट | गोडपेन्ड्री | गोडपेन्ड्री |
| 10. | --,,-- | सामुदायिक भवन निर्माण | बटरेल | बटरेल |
| 11. | --,,-- | सामुदायिक भवन निर्माण | टेमरी (नवागांव) | टेमरी |
| 12. | --,,-- | सामुदायिक भवन निर्माण | बटरेल | बटरेल |
| 13. | --,,-- | सामुदायिक भवन निर्माण | टेमरी | टेमरी |
| 14. | --,,-- | सामुदायिक भवन निर्माण | जरवाय | जरवाय |
| 15. | 2006-07 | गली कांक्रीटीकरण | पाहंदा | पाहंदा (झा) |
| 16. | 2006-07 | गली कांक्रीटीकरण | बैगार | बैगार |
| 17. | 2006-07 | गली कांक्रीटीकरण | आमालोरी | गुडियारी |

टीप - सचिव, मुख्य मंत्री सचिवालय प्राधिकरण प्रकोष्ठ मंत्रालय, रायपुर के पत्र क्रमांक 171/06-07/मुमस/अनुजाविप्र/375/1831 दिनांक 03-08-06 के अनुसार अनुक्रमांक 12 के कार्य का स्थान दरबार मोखली विकास खण्ड पाटन तथा अनुक्रमांक 13 के स्थान पर ग्राम कलंगपुर विकास खण्ड गुण्डरदेही परिवर्तित किया गया है.

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 8 (क्र. 90) के भाग (ख ) की जानकारी ]

**चिन्हांकित ग्रामों की सूची**

| विकास खण्ड (1) | क्रमांक (2) | ग्राम का नाम (3) |
|---|---|---|
| **नल जल योजना** | | |
| बिल्हा | 1. | नेवसा |
| | 2. | बेलतरा |
| | 3. | लिंगियाडीह |
| | 4. | बहतराई |
| | 5. | मगला बी |
| | 6. | दगोरी |
| | 7. | सलखा |
| | 8. | मटियारी |
| तखतपुर | 1. | भरनी |
| | 2. | कोडापुरी |
| | 3. | नेवरा |
| पथरिया | 1. | अमोरा |
| **स्थल जल योजना** | | |
| बिल्हा | 1. | मंगला प |
| | 2. | बसहा |
| | 3. | फरहदा |
| | 4. | सलखा |
| | 5. | उरतुम |
| | 6. | खेरा ल |
| | 7. | मोहदा |
| | 8. | गतौरी |
| | 9. | परसाही |
| | 10. | डोडकी |
| | 11. | भरवीडीह |
| तखतपुर | 1. | करनकापा |
| | 2. | बेलपान |
| | 3. | लाखासार |
| | 4. | टांडा |
| | 5. | समडील |
| पथरिया | 1. | बेलखुरी |
| | 2. | सांवा |
| | 3. | सांवतपुर |
| | 4. | पडीयाईन |
| | 5. | गोईन्द्रा |
| | 6. | गोईन्द्री |
| | 7. | सिलदहा |
| | 8. | छिन्दभोग |
| | 9. | लोहदा |
| | 10. | टिकेतपेन्ड्री |
| | 11. | धमनी |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 41) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

**तेंदूपत्ता के विक्रय से प्राप्त आय की जानकारी**

(राशि लाखों में)

| क्रमांक | जिला यूनियन का नाम | कुल आय (तेंदूपत्ता) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | जगदलपुर | 225.55 | 122.92 | 135.81 |
| 2. | दंतेवाड़ा | 59.97 | 23.23 | 90.24 |
| 3. | सुकमा | 350.31 | 186.21 | 387.85 |
| 4. | बीजापुर | 504.62 | 74.20 | 332.69 |
| 5. | कांकेर | 435.20 | 477.90 | 417.77 |
| 6. | पूर्व भानुप्रतापपुर | 595.00 | 1454.33 | 596.64 |
| 7. | पश्चिम भानुप्रतापपुर | 245.78 | 1095.18 | 669.33 |
| 8. | नारायणपुर | 209.54 | 203.09 | 69.98 |
| 9. | उत्तर कोण्डागांव | 241.83 | 272.24 | 116.52 |
| 10. | दक्षिण कोण्डागांव | 188.82 | 187.00 | 80.42 |
| 11. | दुर्ग | 312.99 | 324.59 | 146.55 |
| 12. | राजनांदगांव | 339.39 | 1248.27 | 507.53 |
| 13. | खैरागढ़ | 218.95 | 311.79 | 181.74 |
| 14. | कवर्धा | 440.11 | 478.53 | 114.63 |
| 15. | महासमुंद | 1219.51 | 919.73 | 689.32 |
| 16. | धमतरी | 395.36 | 389.05 | 278.99 |
| 17. | उदन्ती | 403.87 | 276.94 | 152.97 |
| 18. | रायपुर | 423.84 | 273.95 | 138.96 |
| 19. | पूर्व रायपुर | 691.31 | 860.00 | 770.34 |
| 20. | कोरबा | 551.13 | 629.95 | 422.77 |
| 21. | कटघोरा | 982.95 | 660.02 | 440.90 |
| 22. | रायगढ़ | 834.82 | 529.99 | 370.42 |
| 23. | धरमजयगढ़ | 992.66 | 819.46 | 494.13 |
| 24. | जांजगीर-चांपा | 56.94 | 98.18 | 39.54 |
| 25. | बिलासपुर | 131.52 | 81.73 | 96.86 |
| 26. | मरवाही | 338.54 | 272.43 | 178.95 |
| 27. | उत्तर सरगुजा | 1172.56 | 994.44 | 704.19 |
| 28. | दक्षिण सरगुजा | 579.74 | 420.81 | 416.38 |
| 29. | पूर्वी सरगुजा | 468.72 | 596.07 | 284.19 |
| 30. | कोरिया | 238.73 | 230.92 | 162.35 |
| 31. | मनेन्द्रगढ़ | 185.68 | 529.21 | 213.28 |
| 32. | जशपुर | 369.67 | 232.24 | 123.99 |
| | **योग** | **14405.61** | **15274.60** | **9826.23** |

## प्रपत्र "ब"

### प्रोत्साहन पारिश्रमिक वितरण की जानकारी

(राशि लाखों में)

| क्रमांक | जिला यूनियन का नाम | वितरित प्रोत्साहन पारिश्रमिक की राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | वर्ष 2004-05 | वर्ष 2005-06 | वर्ष 2006-07 |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | जगदलपुर | 22.06 | 0.00 | 23.47 |
| 2. | दंतेवाड़ा | 117.51 | 0.00 | 19.07 |
| 3. | सुकमा | 448.37 | 0.00 | 106.39 |
| 4. | बीजापुर | 221.65 | 0.00 | 146.47 |
| 5. | कांकेर | 150.34 | 0.00 | 91.48 |
| 6. | पूर्व भानुप्रतापपुर | 413.83 | 1.69 | 177.62 |
| 7. | पश्चिम भानुप्रतापपुर | 150.49 | 0.00 | 8.29 |
| 8. | नारायणपुर | 27.71 | 0.00 | 25.55 |
| 9. | उत्तर कोण्डागांव | 49.78 | 0.00 | 39.74 |
| 10. | दक्षिण कोण्डागांव | 42.17 | 0.00 | 27.87 |
| 11. | दुर्ग | 28.76 | 0.00 | 50.06 |
| 12. | राजनांदगांव | 262.60 | 0.00 | 64.12 |
| 13. | खैरागढ़ | 31.12 | 0.00 | 37.95 |
| 14. | कवर्धा | 21.98 | 0.00 | 32.53 |
| 15. | महासमुंद | 85.48 | 0.00 | 162.94 |
| 16. | धमतरी | 128.21 | 0.00 | 130.6 |
| 17. | उदन्ती | 67.55 | 0.00 | 75.72 |
| 18. | रायपुर | 26.63 | 9.85 | 72.55 |
| 19. | पूर्व रायपुर | 223.67 | 0.00 | 219.35 |
| 20. | कोरबा | 187.69 | 0.00 | 180.85 |
| 21. | कटघोरा | 184.47 | 15.46 | 219.72 |
| 22. | रायगढ़ | 195.81 | 93.26 | 0 |
| 23. | धरमजयगढ़ | 201.63 | 0.00 | 217.46 |
| 24. | जांजगीर-चांपा | 0.00 | 0.00 | 0 |
| 25. | बिलासपुर | 1.44 | 1.44 | 7.04 |
| 26. | मरवाही | 59.17 | 0.00 | 42.86 |
| 27. | उत्तर सरगुजा | 31.09 | 0.00 | 54.29 |
| 28. | दक्षिण सरगुजा | 0.94 | 0.00 | 17.15 |
| 29. | पूर्वी सरगुजा | 0.00 | 6.07 | 12.74 |
| 30. | कोरिया | 0.00 | 77.93 | 63.74 |
| 31. | मनेन्द्रगढ़ | 67.87 | 0.00 | 46.91 |
| 32. | जशपुर | 14.83 | 0.00 | 25.19 |
| | **योग** | **3464.85** | **205.70** | **2399.72** |

परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्र. 120) की जानकारी ]

जिला-रायपुर

| क्र. (1) | मस्जिदें कहां-कहां है (2) | किनको-किनको (3) | कब-कब तक (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | जामा मस्जिद हलवाई लाईन, रायपुर | जनाब अब्दुल अजीम भोदू | 26-09-2007 |
| 2. | हैदरी मस्जिद मोमिनपारा, रायपुर | जनाब शमीसुल हसन | 27-05-2009 |
| 3. | जामा मस्जिद बैरन बाजार, रायपुर | जनाब हाजी मो. रफीक साहब | 05-05-2009 |
| 4. | मस्जिद नयापारा, रायपुर | जनाब शेख नाजिमुद्दीन | 11-08-2009 |
| 5. | मस्जिद मौदहापारा, रायपुर | जनाब हाजी मो. सलीम अशरफी | 30-12-2008 |
| 6. | मस्जिद पुरानी बस्ती, रायपुर | जनाब मो. नौशाद | 14-08-07 |
| 7. | मस्जिद छोटापारा, रायपुर | जनाब गुलाम महमूद कादरी | 01-03-07 |
| 8. | मस्जिद नूरानी राजा तालाब, रायपुर | जनाब सैय्यद अलीम अमन | 31-08-2008 |
| 9. | मस्जिद मोवा, रायपुर | इकबाल अहमद सिद्दीकी | 12-6-2007 |
| 10. | छोटी मस्जिद बैरन बाजार, रायपुर | जनाब महफुर्जुरशीद | 28-12-2008 |
| 11. | मस्जिद मदरसा अरबिया इस्लामिया बैजनाथपारा, रायपुर. | जनाब साजीदुल कदीर | 01-04-2007 |
| 12. | मस्जिद अल्लावाली कोटा, रायपुर | जनाब हाजी कमरूद्दीन | 28-04-07 |
| 13. | मस्जिद ईदगाह भाटा, रायपुर | जनाब बदरूद्दीन खोखर | 18-08-09 |
| 14. | दरगाह मस्जिद व जायदाद हजरत फातेशाह टिकरापारा, रायपुर. | जनाब मो. बशीर | 15-06-07 |
| 15. | मस्जिद गरियाबन्द | जनाब अब्दुल मजीद | 24-08-08 |
| 16. | मस्जिद मैनपुर खुर्द | जनाब हाजी रफीक | 01-04-06 |
| 17. | मस्जिद कोसुमकुटा | जनाब मो. जकीर अली | 01-07--08 |
| 18. | मस्जिद राजिम | जनाब युसूफ खोखर | 14-11-06 |
| 19. | मस्जिद छुरा | जनाब सै. दीदार अली | 31-11-06 |
| 20. | मस्जिद नवापारा | जनाब रफीक ढेबर | 31-12-06 |
| 21. | जामा मस्जिद सिमगा | जनाब मो. यूसुफ | 31-07-07 |
| 22. | मस्जिद मयमदरसा देवरानी | जनाब जलील अहमद | 1989 से निरन्तर |
| 23. | मस्जिद बलौदा बाजार | जनाब सै. तसलीम हुसैन | 31-07-07 |
| 24. | मस्जिद बिलाईगढ़ | जनाब अ. खान | 01-07-08 |
| 25. | मस्जिद पंडरी पानी | जनाब नेअमत खां | 10-04-09 |
| 26. | मस्जिद भठगांव | जनाब लालखान | 07-12-09 |
| 27. | छोटी मस्जिद भाठापारा | जनाब हाजी मो. शफी | 09-08-06 |
| 28. | बड़ी मस्जिद भाठापारा मेमन जमाअत | जनाब हाजी मो. इकबाल मेमन | 12-04-06 |
| 29. | मस्जिद बोहरा समाज भाठापारा | जनाब असगर अली | 2004 से निरन्तर |
| 30. | मस्जिद तरेंगा | जनाब मो. खान | 1989 से निरन्तर |
| 31. | मस्जिद नेवरा | जनाब हाजी नूर | 1989 से निरन्तर |
| 32. | मस्जिद आरंग | जनाब रहमत उल्ल खां | 02-08-06 |
| 33. | मस्जिद खरोरा | जनाब हाजी सै. अकबर अली | 11-12-06 |
| 34. | मस्जिद धरसीवा | जनाब शमशेर खां | 01-04-07 |
| 35. | मस्जिद कुर्रा | जनाब मुनव्वर खांन | 21-01-07 |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 20 (क्र. 152) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**वर्ष 2003 से 2006 तक की अवधि में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से हुई क्षति के पुनर्निर्माण कार्यों का तहसीलवार विवरण**

| क्रमांक | तहसील/उपतहसील | कार्यों की संख्या | वर्षवार राशि | | | योग राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2003-04 | 2004-05 | 2005-06 | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | महासमुन्द | 36 | - | 118.70 | 88.49 | 207.19 |
| 2. | बागबहरा | 40 | - | - | 93.98 | 93.98 |
| 3. | पिथौरा | 46 | - | 93.64 | 70.87 | 164.51 |
| 4. | बसना | 30 | - | - | 70.47 | 70.47 |
| | **योग** | **152** | **-** | **212.34** | **323.81** | **536.15** |

प्रपत्र "ब"

## कार्य एजेंसी वन विभाग द्वारा कराये गये कार्यों का विवरण

| क्रमांक (1) | तहसील/उपतहसील (2) | राशि (3) |
|---|---|---|
| 1. | महासमुन्द | 8849800.00 |
| 2. | बागबहरा | 9398000.00 |
| 3. | पिथौरा | 7087366.00 |
| 4. | बसना | 7047700.00 |
| | **योग** | **32382866.00** |